कुलपति ने किया कई कॉलेजों का निरीक्षण

कई छात्रों के पास मिले मोबाइल फोन

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

रुड़की। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों की संचालित हो रही सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाओं के लिए रूड़की-हरिद्वार क्षेत्र के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलपति ने शैक्षणिक गुणवत्ता मे सुधार के दृष्टिगत साफ सुधरी, ईमानदारी और पारदर्शिता परखने को शनिवार को रूड़की-हरिद्वार क्षेत्र के विभिन्न लॉ, फार्मेसी और इंजीनियरिंग कालेजों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने

फ्लाइंग टीम ने कब्जे में लिए

बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज और बीएसआई इंजीनियरिंग लॉ कॉलेज व तारावती इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, आईटीआर कालेज, और आरसीपी कालेजों, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की, फोनिक्स कॉलेज, अरहिंत लॉ कालेज, चमन लाल लॉ कॉलेज, अमृत लॉ कालेज का भ्रमण किया। इन केंद्रों पर कुलपति ने पर्यवेक्षकों की देखरेख में संचालित हो रही परीक्षा का निरीक्षण किया गया तो इस दौरान बीएसएम ला कॉलेज और बीएसआई इंजीनियरिंग कॉलेज व आरसीपी कॉलेज और अमृत लॉ कालेज, चमन लाल लॉ में कई छात्रों के पास मोबाइल फोन और ब्लूटूथ तथा कुछ के पास लिखित पर्चे फ्लाइंग टीम द्वारा पकड़े गए हैं। जिनको कब्जे में ले लिया और संस्थान को इस संबंध में सख्त हिदायत देते हुए पारदर्शी तरीके से ईमानदारी पूर्वक परीक्षा संचालित कराने में विश्विश्वद्यालय को सहयोग करें कालेजों और अध्यनरत परीक्षार्थियों का हित इसी में है। वहीं दूसरी ओर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी और आईटीआर कालेज तथा फोनिक्स इंजीनियरिंग, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की, अरिहंत लॉ कालेजों में साफ सुधरी तरीके से परीक्षा संचालित होती हुई पाई गई।

> कॉलेज में अवैध सामग्री पाए जाने वाले छात्र-छात्राओं पर शक्त कार्रवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चार मोबाइल फोन, एक स्मार्टबॉच तथा छह कान की लीड मिली है। बीएसआई और बीएसएम कॉलेज प्रशसन से अभी तक जितनी भी परिक्षाएं आयोजित की गई है उसकी रिकॉडिंग मगाई गयी है उकसे बाद कार्रवाही की जाएगी। शैक्षिक गुणवत्ता में किसी भी तरह का कंप्रोमाइज स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। शैक्षिक गुणवत्ता में अगर कंप्रोमाइज करेंगे तो शिक्षा की गुणवत्ता जिसमें सुधार हेतु हर उचित सकारात्मक प्रयास विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे हैं ताकि शैक्षणिक वातावरण संस्थानों में बने और खराब होती शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। शैक्षणिक सुधार देश और प्रदेश के नौजवानों के हित में है। शनिवार को रूड़की और हरिद्वार के 10 कॉलेजों का निरीक्षण किया गया है।
>
> **प्रोफेसर ओंकार सिंह**
> **कुलपति प्रोफेसर, उत्तराखंड तकनीकी विवि देहरादून**